आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

नये जमाने के साथ ...

# यश भारत

वर्ष- 15 अंक-185- कटनी • शुक्रवार, 6 अगस्त, 2021 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • श्रावण कृष्ण पक्ष -14 • विक्रम संवत् 2078 शके 1935

## इतिहास रचने की दहलीज पर भारतीय गोल्फर अदिति

**टोक्यो।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक शनिवार को टोक्यो ओलंपिक में इतिहास रच सकती हैं। वह गोल्फ में भारत के पहले पदक की दावेदार बनी हुई हैं। अदिति तीन राउंड के बाद 12 अंडर 201 के स्कोर के साथ अकेली दूसरे स्थान पर हैं। वहीं, अमेरिका की नैली कोरडा उनसे तीन स्ट्रोक्स आगे है। उन्होंने इस दौर में दो अंडर 69 स्कोर किया।

## बजरंग से उम्मीद





# पदक चूककर भी बेटियों ने जीता दिल

**टोक्यो।** भारतीय महिला हॉकी टीम को सेमीफाइनल मुकाबले ब्रिटेन के सामने हार का सामना करना पड़ा है। ब्रिटेन ने भारतीय महिला हॉकी टीम को 4-3 से हराकर भले ही कांस्य पदक पर कब्जा कर लिया हो, लेकि भारत की बेटियां ने आखिरी तक शेरनी की तरह मुकाबला किया और ब्रिटेन की टीम को जीत के लिए काफी मशक्कत करना पड़ी। भारत की बेटियां भले ही कांस्य पदक से चूक गई , लेकिन शानदार खेल दिखाकर सभी का दिल जीत लिया। भारत और ब्रिटेन के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। भारतीय महिला हॉकी टीम यदि आज पदक जीत लेती है तो यह ऐतिहासिक अवसर होता। टोक्यो ओलंपिक में भारत के लिए आज यानी शुक्रवार का दिन निराशाजनक रहा। महिला हॉकी टीम को ब्रिटेन के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही उसका ओलंपिक में पदक जीतने का सपना अधूरा रह गया। वहीं, महिलाओं की फ्रीस्टाइल 50 किग्रा में सीमा बिस्ला हार गईं। जबकि पहलवान बजरंग पूनिया ने 65 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। वह पदक के दावेदार हैं। उधर, भारत के गुरप्रीत सिंह ओलंपिक में पुरुषों की 50 किलोमीटर पैदल चाल पूरी नहीं कर सके भारत की झोली में अब तक पांच पदक आ चुके हैं।

## बजरंग पूनिया सेमीफाइनल में

बजरंग पूनिया ने 65 किग्रा भार वर्ग में ईरान के घियासी चेका मुर्तजा को 2-1 से पटखनी देकर कर सेमीफाइनल में जगह पक्की की। बजरंग को फाइनल में जगह बनाने के लिए अजरबैजान के अलीयेव हाजी से भिड़ना होगा। अलीयेव तीन बार के विश्व चैंपियन और रियो खेलों के कांस्य विजेता हैं। बजरंग ने इससे पहले किर्गीस्तान के अर्नाजार अकमातालिएव को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की थी। अगर मैच की बात करें तो पहले दौर में ईरान के पहलवान ने एक अंक हासिल करते हुए बजरंग पर 1-0 की बढ़त बना ली है। वहीं, बजरंग ने दूसरे दौर में शानदार वापसी करते हुए दो अंक हासिल कर 2-1 की बढ़त बना ली और मैच जीत लिया।

## फटाफट खबरें



### घाटी में मुठभेड़, दो आतंकियों का हुआ खात्मा, ऑपरेशन निरंतर जारी

**श्रीनगर ।** जम्मू संभाग के राजोरी जिले में थानामंडी क्षेत्र में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ चल रही है। अभी तक दो आतंकियों को मार गिराने में सफलता मिली है। मुठभेड़ में मारे गए और अन्य घिरे हुए आतंकी दक्षिण कश्मीर से राजोरी पहुंचे थे। इस आतंकी समूह में दो विदेशी आतंकियों के होने की भी आशंका है। पिछले दो सप्ताह से खुफिया एजेंसियां इस आतंकी समूह पर इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस के जरिए नजर रख रही थीं। आतंकियों के राजोरी पहुंचने का इनपुट मिलते ही सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम ने ऑपरेशन शुरू किया। इस दौरान घेरा सख्त होता देख आतंकी फायरिंग करने लगे। जवाबी कार्रवाई के साथ मुठभेड़ शुरू हो गई।

### रीवा और सागर संभाग में भारी बारिश की संभावना

**भोपाल।** उत्तर-पश्चिम मध्य प्रदेश पर पिछले चार दिनों से सक्रिय कम दबाव का क्षेत्र वर्तमान में उत्तरी मप्र के मध्य में सक्रिय है। मानसून ट्रफ भी कम दबाव के क्षेत्र से होकर बंगाल की खाड़ी तक बना हुआ है, यह आगे बढ़ने लगा है। इस वजह से पूरे मध्य प्रदेश में कई जिलों में बौछारें पड़ रही हैं। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक शुक्रवार को सागर, रीवा संभाग के जिलों में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है। भोपाल, उज्जैन, जबलपुर संभाग के जिलों में भी रुक-रुक कर तेज बौछारें पड़ेंगी। बादल छाए रहने से अधिकतम तापमान में गिरावट बरकरार रहेगी।

### `जॉनसन एंड जॉनसन लाया सिंगल डोज वैक्सीन

**नई दिल्ली ।** कोरोना के खिलाफ जंग में जल्द ही भारत को एक और वैक्सीन मिल सकती है। दरअसल, अमेरिकी फार्मा कंपनी जॉनसन एंड जॉनसन ने अपनी वैक्सीन के आपात इस्तेमाल के लिए भारत सरकार से अनुमति मांगी है। खास बात यह है कि यह वैक्सीन सिंगल डोज वैक्सीन है। यानी इसकी एक ही डोज कोरोना के खिलाफ काफी है। भारत में अबतक जितनी भी वैक्सीन कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए इस्तेमाल हो रही हैं, वे सभी डबल डोज वैक्सीन हैं।

## जज की मौत पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा

# आईबी और सीबीआई न्यायपालिका की बिल्कुल भी मदद नहीं कर रहे



**नई दिल्ली ।** सुप्रीम कोर्ट ने धनबाद के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश की हत्या की जांच कर रही सीबीआई से जजों की सुरक्षा के लिए किए गए उपायों पर रिपोर्ट सौंपने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को नोटिस जारी कर कहा कि न्यायाधीशों को धमकाने और उनके साथ अभद्रता की कई घटनाएं सामने आई हैं, लिहाजा कोर्ट ने सभी राज्यों से जजों की सुरक्षा के लिए किए गए उपायों पर स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने जांच एजेंसियों के काम करने के तौर तरीकों पर भी सवाल खड़े किए हैं। मुख्य न्यायाधीश एनवी रमण ने कहा कि आईबी और सीबीआई न्यायपालिका की बिल्कुल भी मदद नहीं कर रहे हैं, जब जज शिकायत करते हैं तो जवाब तक देना उचित नहीं समझते हैं। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि पिछले कुछ समय से हाई-प्रोफाइल लोगों के पक्ष में अनुकूल आदेश पारित नहीं होने पर न्यायपालिका को बदनाम करने का एक नया चलन शुरू हो गया।

# न न्यूड पोज दी और न ही किसी डायरेक्टर के साथ सोई

## एक्ट्रेस नरगिस फाकरी का सनसनी खेज बयान





**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की दुनिया में जब कोई अभिनेता या अभिनेत्री की किस्मत जगमगाती है, तो उन्हें कई बड़े-बड़े प्रोजेक्ट्स मिलते हैं, जिसे लेकर नरगिस फाखरी ने एक बहुत बड़ा खुलासा किया है, जिससे पूरी बॉलीवुड इंडस्ट्री हिल गई है। बतादें कि एक्ट्रेस नरगिस फाकरी फिल्म 'रॉकस्टार' में रणबीर कपूर के साथ नजर आ चुकी हैं। अपनी दिलकश अदाकारी से इन्होंने लाखों दर्शकों के दिलों पर छाप छोड़ी है। लेकिन इस फिल्म के बाद से ही नरगिस को बहुत ही कम फिल्मों मे देखा गया है। बॉलीवुड से इसी दूरियों को लेकर नरगिस ने अपने एक इंटरव्यू में ऐसा खुलासा किया है, जिसे सुनकर सब चौंक जाएंगे। कास्टिंग काउच से लेकर अपनी सर्जरी की सलाह पर खुलकर बात कर चुकी नरगिस फाखरी ने अपने करियर पर विशेष टिप्पणी की हैं। एक्ट्रेस ने अपने करियर की मुश्किलों के बारे में बताते हुए पूर्व एडल्ट फिल्म स्टार ब्रिटनी डी ला मोरा से बातचीत के दौरान कहा कि ''मैं किसी चीज की भूखी हूँ? मुझे शोहरत की भूख नहीं है कि मैं न्यूड पोज दे दूं, या फिर डायरेक्टर के साथ सो जाऊं। मैंनें कई मौके खो दिए क्योंकि कुछ चीजें मैंने नहीं कीं। यह दिल तोड़ने वाला है। मैं वहां टिके रहने की कोशिश कर रही हूँ, जहां मेरे हाई स्टैंडर्ड हैं। बुरा लगता है क्योंकि इस वजह से मेरे हाथ से कई प्रोजेक्ट्स निकल गए। इससे मुझे दुख हुआ लेकिन मैं खुद से कहती रही कि जो लोग अपने मूल्यों पर टिकेंगे वह जीतेंगे। खुद के प्रति ईमानदार रही और किसी को मुझे किसी चीज के लिए मनाने की जरूरत नही है। मेरे लिए नैतिक मूल्यों से ज्यादा कुछ नहीं।'

## किसानों के समर्थन में प्रदर्शन, दर्शक दीर्घा में बैठे राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कृषि कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे किसानों के समर्थन में आज करीब 14 विपक्षी दलों के नेता जंतर मंतर पहुंचे। इसमें कांग्रेस सांसद राहुल गांधी भी शामिल हुए। जंतर मंतर पर विपक्षी सांसद किसानों के समर्थन में प्रदर्शन कर रहे हैं।

# एक मासूम सहित दो महिलाएं जिंदा जलीं

## जबलपुर के बिलहरी में हादसा, मां-बेटे को बचाया गया



**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर के गोराबाजार बिलहरी स्थित पिंक सिटी में आग लगने के चलते 7 साल के मासूम और दो महिलाओं की जलने और दम घुटने से मौत हो गई। वहीं 70 साल की महिला और वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड में तैनात उनके बेटे को कॉलोनी के गार्ड और आसपास के लोगों ने बचा लिया।

गोराबाजार पुलिस के मुताबिक गुरुवार 5 अगस्त की देर रात 2.30 बजे के लगभग की ये घटना है। पिंक सिटी गेट नंबर तीन के अंदर बीच कॉलोनी में मकान नंबर 78 में ये दुखद हादसा हुआ। मकान हउछ में तैनात प्रोटोकॉल इंस्पेक्टर आदित्य सोनी का है। गुरुवार रात को वह घर पर थे। भूतल सहित प्रथम मंजिल का ये मकान बना है। भूतल में उनकी 70 साल की मां कैंसर पीि?ता अनुराधा सोनी किचन के सामने लगे बेडरूम में सो रही थी। वहीं आदित्य, उनकी पत्नी नेहा सोनी (32), भोपाल निवासी बहन रितु सोनी (37) भांजी परी उर्फ अन्विष्टा सोनी ( 7) पहली मंजिल पर सो रहे थे।

### फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने बुझाई आग

रात 2.39 बजे फायर ब्रिगेड को सूचना मिली थी। ड्राइवर अजय कुमार शर्मा दल के साथ मौके पर पहुंचे और आग बुझाई। आग बुझने के बाद लोग अंदर पहुंचे तो तीनों की लाश मिली। सूचना पर गोराबाजार टीआई सहित केंट सीएसपी भावना मरावी, एएसपी गोपाल खांडेल, एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा, विधायक केंट अशोक रोहाणी, नगर निगम कमिश्नर संदीप जीआर, नायब तहसीलदार नीरज कथरिया, एफएसएल डॉ. सुनीता तिवारी और फायर ब्रिगेड प्रभारी कुशाग्र ठाकुर पहुंचे थे।

### बचा लो... बचा लो... की आवाज आई

कॉलोनी के गार्ड ने देर रात ढाई बजे आदित्य सोनी के मकान में आग देख शोर मचाया। कॉलोनीवासियों के साथ वह पहुंचा तो 70 साल की अरोराबाला सोनी चीख रही थी। सामने आग लगी थी, जो फैलकर पहली मंजिल तक पहुंच गई थी। वहीं बालकनी से आदित्य सोनी चीख रहे थे। लोगों ने मां-बेटे को किसी तरह निकाला, लेकिन नेहा, रितु और परी कमरे में ही फंस गईं। नेहा बचने के लिए बाथरूम में छुप गई थी, लेकिन धुआं और आग की गरमी ने जान ले ली। नेहा की लाश बाथरूम में मिली। वहीं रितु और परी की लाश बेड पर पड़ी थी।

## 9.5 फीसदी रह सकती है विकास दर, आरबीआई का अनुमान

# ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं



**नई दिल्ली।** चार अगस्त को शुरू हुई भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक आज समाप्त हो गई। कोरोना की दूसरी लहर के चलते अप्रैल और मई के दौरान देश के कई हिस्सों में लगाई गई सख्त पाबंदियों से भारतीय अर्थव्यवस्था पर असर पड़ा है। ऐसे में तीसरी लहर की आशंकाओं के बीच यह बैठक बेहद अहम है। हर दो महीने में भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक होती है। इस बैठक में अर्थव्यवस्था में सुधार पर चर्चा की जाती है और साथ ही ब्याज दरों का फैसला लिया जाता है। रिजर्व बैंक ने आखिरी बार 22 मई 2020 को नीतिगत दरों में संशोधन किया था। आरबीआई ने रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया है। यह चार फीसदी पर बरकरार है। यानी ग्राहकों को ईएमआई या लोन की ब्याज दरों पर नई राहत नहीं मिली है। मार्जिनल स्टैंडिंग फैसिलिटी रेट भी 4.25 फीसदी पर स्थिर है।दास ने आगे कहा कि रिवर्स रेपो रेट को भी 3.35 फीसदी पर स्थिर रखा गया है।इसके साथ ही बैंक रेट में भी कोई बदलाव नहीं करने का फैसला लिया गया है। यह 4.25 फीसदी पर है। केंद्रीय बैंक ने मौद्रिक रुख को उदार बनाए रखा है। उदार रुख पर छह में से पांच सदस्य सहमत थे। 2021-22 में देश की वास्तविक जीडीपी में 9.5 फीसदी की तेजी का अनुमान लगाया है। इस वित्त वर्ष की पहली तिमाही में यह 21.4 फीसदी होगी, दूसरी तिमाही में 7.3 फीसदी, तीसरी तिमाही में 6.3 फीसदी और चौथी तिमाही में 6.1 फीसदी। शक्तिकांत दास ने कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 में देश की वास्तविक जीडीपी 17.2 फीसदी रह सकती है।

# राजीव गांधी नहीं अब ध्यानचंद के नाम पर होगा खेलरत्न




**नई दिल्ली, (एजेंसी)।**

केंद्र सरकार ने खेल रत्न पुरस्कार का नाम बदल दिया है। अब इसे मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार के नाम से जाना जाएगा। इससे पहले यह अवॉर्ड पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के नाम हुआ करता था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट के जरिए इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मुझे पूरे भारत के नागरिकों से खेल रत्न पुरस्कार का नाम मेजर ध्यानचंद के नाम पर रखने के लिए कई अनुरोध प्राप्त हो रहे हैं। उनकी भावना का सम्मान करते हुए, खेल रत्न पुरस्कार को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार कहा जाएगा।

## लड़कियों के फोन पर रखें नजर !


**नई दिल्ली।** मुस्लिम युवाओं और युवतियों की गैर मुस्लिमों से निकाह को ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने शरीयत में अवैध करार दिया है। बोर्ड के कार्यवाहक महासचिव मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी ने कहा कि एक मुस्लिम लड़की केवल मुस्लिम लड़के से ही निकाह कर सकती है। इसी तरह, एक मुस्लिम लड़का एक मुशरिक (बहुदेववादी) निकाह से शादी नहीं कर सकता। अगर गैर मुस्लिम से निकाह हुआ है तो शरीयत के अनुसार वह वैध नहीं होगी। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की ओर से जारी दिशा निर्देश में कहा गया है कि माता-पिता अपने बच्चों की दीनी (धार्मिक) शिक्षा की व्यवस्था करें। लड़के और लड़कियों के मोबाइल फोन इत्यादि पर कड़ी नजर रखें। जितना हो सके लड़कियों को बालिका स्कूल में पढ़ाने का प्रयास करें। सुनिश्चित करें कि उनका समय स्कूल के बाहर और कहीं भी व्यतीत न हो।

# पेगासस मुद्दे पर आज भी विपक्ष का हंगामा



**नई दिल्ली ।** संसद के मानसून सत्र का आज 13वां दिन है, लेकिन अभी तक सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच किसी भी मुद्दे पर चर्चा के लिए सहमति नहीं बन पा रही है। विपक्ष चर्चा की शुरुआत पेगासस जासूसी के मुद्दे पर करना चाहता है, जबकि सरकार इससे मसले पर बातचीत करने को तैयार नहीं है। आज विपक्षी दलों के नेता किसानों को समर्थन देने जंतर मंतर जाएंगे। राहुल गांधी भी इसमें शामिल होंगे। संसद में पेगासस मुद्दे पर विपक्षी दलों ने जोरदार हंगामा किया। विपक्ष के हंगामे को देखते हुए लोकसभा की कार्यवाही 9 अगस्त तक के लिए स्थगित कर दी गई। पेगासस जासूसी कांड को लेकर लोकसभा में विपक्षी दलों के सांसदों का हंगामा जारी है। विपक्षी दलों के सांसद बेल में पहुंचकर हंगामा कर रहे हैं। विपक्ष के हंगामे के बीच लोकसभा की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित हुई।

# पाक प्रधानमंत्री इमरान खान बोले सरकार मंदिर की मरम्मत कराएगी



**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के सादिकाबाद जिले में मंदिर में की गई तोड़फोड़ पर प्रधानमंत्री इमरान खान का बयान आया है। उन्होंने इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि उनकी सरकार मंदिर की मरम्मत कराएगी। दरअसल, भोंग शरीफ गांव के सिद्धिविनायक मंदिर में बुधवार शाम को उपद्रवियों की भीड़ घुस गई थी। इस दौरान मंदिर के अंदर जमकर तोड़ फोड़ की गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है।

# डिजिटल इंडिया: 82 करोड़ लोग कर रहे इंटरनेट का इस्तेमाल



**नई दिल्ली।** सिस्को के विजुअल नेटवर्किंग सूचकांक (वीएनआई) ने साल 2017 में अपनी एक रिपोर्ट में कहा था कि भारत में 2021 तक एक्टिव इंटरनेट यूजर्स की संख्याा 82 करोड़ तक पहुंच सकती है। सिस्सो की चार से पहले आई यह रिपोर्ट सच हो गई है। सरकार ने राज्यसभा में बताया है कि देश में इस वक्त कम-से-कम 820 मिलियन यानी करीब 82 करोड़ लोग इंटरनेट इस्तेमाल कर रहे हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। दरअसल तृणमूल सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने राज्यसभा में पूछा था कि क्या सरकार ने इंटरनेट के नवीनतम स्तर या किसी ऐसे प्रॉक्सी का अनुमान लगाया है। सरकार की ओर से यह भी बताया कि देश के 1,57,383 ग्राम पंचायत में हाई-स्पीड इंटरनेट की सुविधा दी गई है। डेरेक ने यह भी पूछा कि क्या वर्तमान में ग्रामीण और शहरी भारत के बीच एक डिजिटल विभाजन मौजूद है और यदि ऐसा है तो इस अंतर को दूर करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं? इस सवाल के जवाब में इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा, भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के अनुसार, 31 मार्च 2021 तक देश में 82.53 करोड़ (825.301 मिलियन) इंटरनेट ग्राहक हैं। उन्होंने आगे कहा कि ग्रामीण भारत में 302 मिलियन से अधिक लोग इंटरनेट का इस्तेमाल कर रहे हैं, जबकि शहरी भारत में यह संख्या 502 मिलियन से अधिक है। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण भारत में इंटरनेट की पहुंच बढ़ाने के लिए सरकार ने देश के सभी ग्राम पंचायतों और गांवों में भारतनेट परियोजना को लागू किया है। 1 जुलाई तक कुल 1,57,383 ग्राम पंचायतों को हाई-स्पीड इंटरनेट/ब्रॉडबैंड इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ जोड़ा गया है। राजीव के मुताबिक देश में अभी तक 5,25,706 किलोमीटर ऑप्टिकल फाइबर बिछाया गया हैं।

### देश में 2025 तक 90 करोड़ होंगे सक्रिय इंटरनेट यूजर

आईएएमएआई-कंटर क्यूब ने इसी साल जून में अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि देश में 2025 तक सक्रिय इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या 45 फीसदी बढ़कर 90 करोड़ हो जाएगी। पिछले साल देश में यह आंकड़ा 62.2 करोड़ था। रिपोर्ट में कहा गया था कि भले ही शहरी भारत में इंटरनेट की पहुंच ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में दोगुनी है लेकिन ग्रामीण इलाकों में साल दर साल के हिसाब से बढ़ने वाले इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या शहरी इलाकों से ज्यादा है।



# डीएमएफ में जमा करोड़ों रुपयों का कब उपयोग करेगा प्रशासन ?








बरही/कटनी। कहां जाएं, कैसे जाएं, समझ में न आए गीत के माध्यम से बरही नगर के छिन्दीया टोला के नारकीय जीवन की दर्द-ए-दास्तां गीत के माध्यम से रंगकर्मी दुर्गेश सोनी दर्पण बयां करते हुए जिम्मेदारों से सड़क की दुर्दशा सुधरवाने के लिए गुहार लगा रहा हैए जो इन दिनों सोशल मीडिया की सुर्खियां बनी हुई है। जी हां कटनी जिले के नगर परिषद बरही का छिन्दीया टोला की बद्तर सड़क की हालात देखकर आजादी के 70 साल बाद के विकास की कहानी चीख-चीखकर बयां हो रही है।

## हां मैं ही लाचार, बेबस छिन्दीयाटोला हूं

- कहां जाए, कैसे जाए, समझ में न आए पीड़ित वाशिंदों की दर्द-ए-दास्तां
- बरही के छिन्दीया टोला के वाशिंदे बरसात में कीचड़, सूखे में धूल के गुब्बार से परेशान
- डीएमएफमद में जमा है करोड़ो रूपए, क्षेत्र विकास में राशि खर्च करने का है प्रावधान,
- प्रशासन ने एक पाई भी नही की खर्च

### बरसात में कीचड़, सूखे में धूल के गुब्बार से लाचार

तस्वीर देखकर ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि यहां के वाशिंदों जीवन कितना कष्टप्रद है। बरसात में सड़क के गड्ढों के साथ कीचड़, तो सूखे में धूल के गुब्बार से वार्डवासी खासा लाचार व परेशान है। सड़क के गड्ढे, कीचड़ व उड़ने वाली धूल के गुब्बार चीखकर कह रहा है कि हां मैं ही विकास से ओत-प्रोत बरही नगर का छिन्दीया टोला हूँ।

### कहां खर्च हुए डीएमएफमद के करोडों रुपए

बरही क्षेत्र के जाजागढ़, ददरा, कनोर, बिचपुरा में दर्जन भर से अधिक माइंस एवं क्रशर प्लांट संचालित है, जहां से गिट्टी लोडकर भारी वाहन छिन्दीया टोला से होकर गुजरते है। क्रशर से लोड हुई गिट्टी में लगने वाली रॉयल्टी की 10 प्रतिशत राशि डिस्ट्रिक माइनिंग फंड कलेक्टर के खाते में पहुचती है, जो हजारों, लाखो में नही बल्कि करोड़ो में है। इस राशि का उपयोग उसी क्षेत्र के विकास कार्य में खर्च होने का प्रावधान है लेकिन यहां से कलेक्टर के खाते में जमा होने वाली इतनी बड़ी राशि का एक पाई भी क्षेत्र विकास में खर्च नही की गई, जिसका ज्वलन्त उदाहरण छिन्दीया टोला की तस्वीर है। सवाल यह उठता है कि आखिर इतनी बड़ी राशि का उपयोग सड़क निर्माण के लिए क्यों नहीं किया जा रहा है, जबकि इसी क्षेत्र की संपदा का दोहन करने के बाद प्रशासन के खाते में पहुँची है।

### भारी वाहनों से दुर्दशा

छिन्दीया टोला की यह दुर्दशा यहां से गुजरने वाले गिट्टी लोड भारी वाहनों के चलते बनी हुई है। विरोध होने पर हर बार क्षेत्र में संचालित क्रशर संचालकों को दबाब में आकर डस्ट से सड़क को लेबल करवाने की मजबूरी है, जो 10 दिन बाद भारी वाहनों से उसी स्थिति में पहुंच जाती है, जबकि क्रशर संचालक हर माह लाखो का विकास शुल्क प्रशासन को देते हैए जो कलेक्टर के खाते में जमा होता है।

### इधर क्रशर संचालकों ने विधायक को लिखा पत्र, डीएमएफ से बनाए सड़क

खस्ताहाल सड़क, उड़ रहे धूल के गुबार, फैले कीचड़ से न सिर्फ छिन्दीयाटोला के वाशिंदे लाचार व परेशान है, बल्कि क्रशर संचालक एवं ट्रांसपोर्टर भी विवश है। इस गंभीर समस्या से निजात पाने के लिए क्रशर संचालकों ने क्षेत्र के विधायक संजय सत्येंद्र पाठक को पत्र लिखकर डीएमएफ मद से खनाबंजारी स्टेशन छिन्दीया टोला से कनोर, जाजागढ़, बिचपुरा मार्ग का निर्माण कराने मांग की है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि करोड़ों की राशि डीएमएफ फंड में है, जिससे आसानी से सड़क का निर्माण कराया जा सकता है।



भाजपा ने किया हॉकी खिलाड़ी व कोच का सम्मान

# खिलाड़ियों ने देश का बढ़ाया मान

**कटनी।** प्रत्येक भारतवासी आज हर्षित है गर्वित है तथा खिलाड़ियों की सफ्लता से प्रेरित है। ओलंपिक में 41 साल बाद हमारे राष्ट्रीय खेल हाकी में भारत ने पदक जीता यह नया भारत है। आज भारत को हॉकी में कांस्य पदक तथा रेसलर रवि दाहिया के द्वारा रजत पदक जीतने पर प्रफुल्लित भाजपाजनों द्वारा खिलाड़ियों का सम्मान करते भाजपा नेताओं ने कही। इससे पहले सुभाष चौक में भाजपा नेताओं ने कटनी के उदयीमान हॉकी खिलाड़ी तथा कोच विनोद रजक को पुष्प माला पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर समान्नित किया। भाजपा जनों ने सभी को बधाई देते हुए इसी तरह देश को गौरवांवित करने की अपील की। भारत माता के जयकारों के बीच समान्नित होकर नन्हे खिलाड़ी काफी खुश थे। इस अवसर पर दीपक टंडन सोनी, मृदुल द्विवेदी, किरण जैन, गीता गुप्ता, अंबरीश वर्मा, मनीष दुबे, पवन यादव, अवकाश जायसवाल, अंकिता तिवारी, नंदकुमार बसरानी, आशुतोष शुक्ला, सचिन तिवारी, श्याम निषाद, संकल्प अग्रवाल, नवीन मोटवानी, डब्बू रजक, मयंक गुप्ता, अभिषेक शर्मा, ममता बंसल, यज्ञदत्त पप्पा मिश्रा, अहमद बक्शा, प्रियांशु गुप्ता, इंद्रा मिश्रा, हाकी कोच विनोद रजक के साथ खिलाड़ीगण आदि उपस्थित थे।

# खिलाड़ियों की प्रतिभा चयन के लिये आवेदन 9 अगस्त से

**कटनी।** जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी विजय भार ने बताया कि इस वर्ष खेल अकादमियों के लिए खिलाड़ियों का प्रतिभा चयन किया जाना हैं। यह चयन प्रक्रिया पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर शिक्षा विभाग और आदिम जाति कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में किया जाना हैं। इस चयन प्रक्रिया में भाग लेने हेतु खिलाड़ी की योग्यता एवं प्रक्रिया निर्धारित की गई है। जिसके अनुसार भाग लेने हेतु प्रत्येक खिलाड़ी का पंजीयन 9 अगस्त की प्रातः 8 बजे से 18 अगस्त की रात्रि 11:59 बजे तक किया जा सकता है। खिलाड़ी कक्षा 7वीं से 12वीं में अध्ययनरत् हो, जिनकी आयु 12 वर्ष से अधिक और 19 वर्ष से कम होनी चाहिए। चयन प्रक्रिया प्रथम चरण में जिला स्तर पर 24 अगस्त 2021 से 4 सितम्बर 2021 के मध्य होगी। उक्त प्रतिभा चयन जिला स्तर पर शारीरिक क्षमता/दक्षता में चयनित खिलाड़ी अपने व्यक्तिगत खेल का टेस्ट आगामी तिथियों में होने वाली संभाग स्तर की प्रतिभा चयन में देगें। संभाग में चयनित खिलाड़ी राज्य स्तर पर होने वाली चयन प्रक्रिया में भाग लेगें।

## जिले में अब तक 424.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में 1 जून से 5 अगस्त 2021 तक 424.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। गतवर्ष इस अवधि में 361.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। गौरतलब है कि जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1124.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 जून से 5 अगस्त 2021 तक जिले के तहसीलवार वर्षा मापी केन्द्र कटनी में 387.8 मिलीमीटर, रीठी में 381.7 मिमी, बड़वारा में 512.0 मिमी, बरही में 548.0 मिमी, विजयराघवगढ़ में 476.4 मिमी, बहोरीबंद में 367.3 मिमी, स्लीमनाबाद में 275.0 मिमी और वर्षामापी केन्द्र ढीमरखेड़ा 469.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में बीते 24 घंटे में जिले की सभी तहसीलों के वर्षामापी केन्द्रों मे 0.9 मिमी वर्षा दर्ज हुई। जिसमें कटनी तहसील अंतर्गत निरंक, रीठी तहसील में 2.5 मिमी, बड़वारा तहसील में निरंक, बरही तहसील में निरंक, विजयराघवगढ़ तहसील में 1.0 मिमी, बहोरीबंद तहसील में 2.4 मिमी, स्लीमनाबाद तहसील में निरंक और ढीमरखेड़ा तहसील में 1.5 वर्षा रिकॉर्ड हुई है।

# सायना के छात्रों ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में बाजी मारी



**कटनी।** सायना इंटरनेशनल स्कूल कटनी के कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट परिणाम लाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए संस्था एवं नगर का नाम रोषन किया है। सायना का परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत रहा। सायना के 90 प्रतिषत छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। जहां प्रांजलि प्रसाद ने 95.5 प्रतिषत अंक अर्जित किए वहीं हर्ष मोंगा और राजीव रत्न गौतम ने 94.8 प्रतिषत अंक अर्जित कर स्कूल में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। गुरजस कौर लाम्बा ने 94 प्रतिषत अंकों के साथ तृतीय एवं ओमी जैन ने 93.6 प्रतिशत अंकों के साथ चतुर्थ स्थान प्राप्त कर अपना परचम लहराया।

### प्रांजलि प्रसाद ने प्राप्त किए 95.2 प्रतिशत अंक,हिन्दी विषय में 17 विद्यार्थियों ने प्राप्त किए 94 प्रतिशत अंक

प्रांजलि प्रसाद ने विज्ञान विषय में 100 प्रतिशत अंक एवं एफएम एम में 98 प्रतिशत अंक अर्जित कर रिकार्ड बनाया वहीं सामाजिक विज्ञान विषय में राजीव रत्न गौतम ने 98 प्रतिशत अंक अर्जित कर स्कूल को गौरवान्वित किया। हिन्दी में हर्ष मोंगा ने सर्वाधिक 96 प्रतिशत अंक अर्जित कर संस्था कानाम किया। अंग्रेजी और गणित विषय में 8-8 विद्यार्थियों ने 94 प्रतिशत अंक अर्जित किए। वहीं हिन्दी में 17 विद्यार्थियों ने एवं विज्ञान में 6 विद्यार्थियों ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय, षहर व प्रदेष का मान बढ़ाया है। छात्रों की सफलता पर सायना के प्राचार्य डॉ. आदित्य कुमार शर्मा ने बच्चों एवं अभिभावकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कोविड-19 महामारी ने जहां अपनों से बिछड़ने का दंश दिखाया है वहीं बच्चे आत्मनिर्भर भी बने हैं। इस कठिन समय में आपने शिक्षकों व अभिभावकों के मार्गदर्शन में जो परिणाम दिए वे प्रशंसनीय हैं। आषा करता हूँ कि आगे भी आप अपने भविष्य को सँवारने में शिक्षकों व अभिभावकों का सहयोग प्राप्त करते रहेंगे। छात्रों की इस सफलता पर सायना की चेयरपर्सन डॉ. श्रीमती निधि पाठक, सायना की सचिव (पूर्व महापौर) श्रीमती निर्मला सत्येन्द्र पाठक, विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक (पूर्व मंत्री मध्यप्रदेश शासन), युवा समाजसेवी यश संजय सत्येंद्र पाठक, प्राचार्य डॉ. आदित्य कुमार शर्मा एवं मैनेजमेन्ट प्रतिनिधि ऋषि अरोरा ने सभी को बधाइयाँ प्रेषित की हैं।



# रीठी तहसील के किसानों की समस्याओं का होगा निराकरण

### भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत

**कटनी।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष दर्शन चौधरी पहली बार जिले के प्रवास पर पहुंचे। बड़गांव पहुंचने पर कार्यकर्ताओं व किसानों ने बड़गांव तिराहे पर उनका स्वागत किया। भरतपुर, मुहास में स्वागत करते हुए क्षेत्र की समस्याएं उनके सामने रखी। रीठी में भाजपा मंडल अध्यक्ष सहित कार्यकर्ताओ ने प्रदेशाध्यक्ष की अगवानी की और अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। प्रदेशाध्यक्ष दर्शन चौधरी ने कहा कि क्षेत्र में सिंचाई की सुविधाएं बढ़े और उन्नत खेती हो, इसके लिए वे प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री से चर्चा कर समस्याओं का निराकरण कराने का प्रयास करेंगे। रीठी के अलावा देवरी कला, पटौहा, देवगांव में भी कार्यकर्ताओं व किसानों ने चौधरी का स्वागत किया। इस दौरान रीठी मंडल अध्यक्ष मयंक कंदेले, मिल्लू लाल चक्रवर्ती, चंदन सिंह, महाराज सिंह राय, रामनाथ पटेल, रमेश पटेल, श्रीकांत राय, कमलेश नामदेव, नर्मदा सोनी आदि उपस्थित रहे। पूर्व में राज्य अध्यापक संघ के सदस्य रहे मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष चौधरी का कटनी पहुंचने पर संघ के प्रदेश महामंत्री विपिन तिवारी व जिलाध्यक्ष जेपी हल्दकार की अगुवाई में अध्यापकों ने स्वागत व सम्मान किया। चौधरी ने संवर्ग की समस्याओं को लेकर भी पदाधिकारियों से चर्चा की। रीठी पहुचने पर मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष चौधरी अपने अध्यापक साथी विपिन तिवारी के छोटे भाई के निधन के चलते उनके निवास पर पहुंचे और शोक व्यक्त किया। चौधरी ने यहां पर पौधरोपण भी किया।

## वेयर हाउस से मूंग भण्डारण को लेकर नए निर्देश

**कटनी।** खरीफविपणन वर्ष 2021-22 में समर्थन मूल्य पर दलहन मूंग के उपार्जन योजना के सुचारु क्रियान्वयन के लिये प्रदेश के समस्त वेयरहाउस से मूंग का भण्डारण संबंधी लेखों, रिकॉर्ड एवं दस्तावेजों का परीक्षण करने के जिलों में पदस्थ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अधिकृत होंगे। इस संबंध में मध्यप्रदेश कृषि गोदाम नियम 1961 के नियम 33 3 के अंतर्गत पद्रत्त शक्तियों को प्रयोग में लोते हुये सभी जिलों में पदस्थ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को अधिकृत किया गया है। परीक्षण अवधि तक मूंग कृषकों के भंडारित मूंग को छोड़कर की निकासी पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई गई है। इस संबंध में अत्यावश्यक होने पर कलेक्टर अथवा उनके द्वारा अधिकृत अधिकारी की पूर्व अनुमति से उक्त भंडारित स्कंध की निकासी की जा सकेगी। पूर्वानुमति के लिये अनुशंसा के पूर्व संबंधित अधिकारी प्रकरण का भलीभांति परीक्षण करेंगे एवं यह सुनिश्चित करेंगे कि इसका समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत विक्रय में दुरुपयोग ना हो सके। प्रदेश के बाहर भेजे जाने वाली उक्त वस्तु का परीक्षण न किया जाये। उक्त आदेश के संबंध में नेशनल एग्रीकल्चर को-ऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफइंडिया लिमिटेड नाफेड को इससे मुक्त किया जाता है। जिसके बाद नाफेड से उक्त खाद्यान्न की निकासी पर कोई रोक अथवा निरीक्षण संबंधी कोई कार्यवाही नहीं की जायेगी।

# 250 कर्मचारियों के ट्रेजरी कोड आज तक जारी नहीं हुए

### शिक्षकों ने किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष को बताई समस्या



**कटनी।** राज्य शिक्षक संघ के प्रांतीय संरक्षक एवं मप्र भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष दर्शन चौधरी के प्रदेशाध्यक्ष बनने पर प्रथम आगमन पर स्वागत किया गया। इस अवसर पर राज्य शिक्षक संघ ने शासकीय सेवकों की शिक्षा संवर्ग की जिला व प्रांतीय स्तर की लंबित समस्याओं से अवगत कराते बताया कि करीब 250 कर्मचारियों के ट्रेजरी कोड आज तक जारी नहीं हुए। छठवें वेतनमान का ही गृह भड़ा भत्ता मिल रहा है, जबकि सातवे वेतनमान के हिसाब से सहायक शिक्षकों के समान मिलना चाहिए एवं न्यू पेंशन प्रणाली को बंद करवाने जैसी जटिल समस्याओं को सुलझाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करवाने आग्रह किया जाकर संगठन के अन्य कई मुद्दों पर चर्चा की। प्रांतीय संगठन संरक्षक दर्शन चौधरी ने विश्वास दिलाया कि गृह भड़ा भत्ता एवं ट्रेजरी कोड की समस्या से भोपाल पहुंचे ही साथियों को निजाद दिलाना पहली प्राथमिकता होगी साथ ही पुरानी पेंशन योजना को लागू करवाने मुझे जहां जिस वक्त आवाज दोगे आपके साथ खड़ा होकर आपकी आवाज बनूंगा।

# कांग्रेसियों ने घेरा बिजली दफ्तर, हाथ में लालटेन लेकर किया प्रदर्शन

## बिजली बिल की होली जलाई, बिजली बिलों की बढ़ोत्तरी का विरोध






**कटनी।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के निर्देशानुसार बिजली की लचर व्यवस्था के खिलाफ बिजली यूनिट की बढ़ी कीमतों, मनमाने बिजली बिल, बिजली कटौती के खिलाफ पूरे मध्यप्रदेश में जिला स्तर पर कांग्रेसजनों ने प्रदर्शन किया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मिथलेश जैन के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने हाथों में लालटेन लेकर प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए विद्युत मंडल का घेराव किया और बड़े संख्या में आए हुए पीड़ित जनता के बढ़े हुए बिजली बिल पर विद्युत विभाग को आड़े लेते हुए बिजली बिल की होली जलाई। कांग्रेसियों की बढ़ती हुई संख्या और उग्र प्रदर्शन को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। कांग्रेसजन अपनी मांगों को लेकर बिजली विभाग के दफ्तर में घुसने के लिए और अधिकारियों से बात करने की मांग पर अड़े रहे। पुलिस ने कांग्रेसजनों को रोकने के लिए वाटर कैनन का उपयोग किया और दमनकारी रवैया अपनाया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मिथलेश जैन ने कहा कि मप्र सरकार तानाशाह हो चुकी है। पूरे प्रदेश में बिजली व्यवस्था चौपट हो चुकी है। बिना रीडिंग के ही हजारों रुपए के बिजली बिल भेजे जा रहे हैं और गरीब आदमी बिजली कटने के डर से अपना पेट काट काट कर अनाप-शनाप बिजली बिल भरने को मजबूर है। बिजली की तारों को पकड़ लो तो करंट नहीं लगता क्योंकि बिजली रहती कम है और गुल ज्यादा रहती है लेकिन यदि बिजली बिल देखो तो उसकी भारी-भरकम राशि को देखकर करंट जरूर लगता है। मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार को जनता आगामी नगरीय निकाय चुनाव और विधानसभा चुनाव में सबक सिखायेगी। आंदोलन को जिला शहर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष प्रियदर्शन गौड़, मध्यप्रदेश शिक्षा व शिक्षक कांग्रेस प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष रामनरेश त्रिपाठी, जिला शहर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष करन सिंह चौहान, कांग्रेस नेता राकेश जैन कक्का, विधानसभा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने भी संबोधित किया। आंदोलन के दौरान विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि मीटर रीडिंग के बिना बिजली बिल नहीं दिए जाएंगे और पूर्व में दिए हुए गलत बिजली बिलों में अतिशीघ्र शिविर लगाकर सुधार किया जाएगा जिसकी सूचना कल ही अखबारों में प्रकाशित कर दी जावेगी।

### इनकी रही उपस्थिति

प्रदर्शन में पंकज गौतम, मौसूफ अहमद, राकेश द्विवेदी गुड्डू, रमेश सोनी, इश्तियाक अहमद, माया चौधरी, हेमलता शर्मा, दानिश अहमद, पुरुषोत्तम गौतम, श्याम पाहुजा, राजा जगवानी, रौनक खंडेलवाल, राजेश जाटव, राजकिशोर यादव, सतवीर भाटिया, वसीम जाफर, मंजू निषाद, रजनी वर्मा, मंजू मिश्रा, श्याम यादव, अजय कछवाहा, ओमप्रकाश सकतेल, मनोज बाझल, अशोक मंगल गौटिया, विजय मंगल चौधरी, साक्षी साहू, अजय जैसवानी, वसीम खान, राहुल पटेरिया, अज्जू सोनी, विजय मंगलानी, सुरेश चांदवानी, अजय गौंटिया, रवि मंगलानी, नारायण निषाद, विनोद डेंगरे, गोविंद सचदेवा, हरनाम सुंदरानी, जयराम दास गुरनानी की उपस्थिति रही।

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, शुक्रवार, 06 अगस्त 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

**जिला चिकित्सालय में हर दिन इलाज के लिए आ रहे 600 से 700 मरीज**

# मौसमी बीमारियों की दस्तक वायरल फीवर का अटैक

कटनी। बारिश का सीजन शुरू होते ही मौसमी बीमारियों ने पैर पसारना शुरू कर दिया है। अन्य संक्रामक बीमारियों के साथ ही सबसे ज्यादा असर वायरल फीवर का देखा जा रहा है। इससे पीड़ित होने वालों मरीजों की संख्या हर दिन बढ़ रही है। जिला चिकित्सालय की ओपीडी में भी मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। जानकारी के मुताबिक ओपीडी में हर रोज करीब 600 से 700 मरीज इलाज के लिए आ रहे हैं। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग ने बरसात के मौसम में लोगों को सतर्कता बरतने की सलाह दी है। पिछले एक पखवाड़े से बारिश का दौर लगातार जारी है।

बारिश होने से कई लोग गिरते पानी में ही कार्य करते रहते हैं। काम करने के दौरान कई लोग बार-बार भीग रहे हैं। मौसम में ठंडक, सीलन आदि कारणों से मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढ़ गया है। जिला अस्पताल में पिछले सोमवार से ओपीडी 700 तक पहुंच चुकी है, जो अप्रैल के प्रथम सप्ताह के बाद सबसे अधिक है। ओपीडी के डाक्टरों ने बताया कि सबसे ज्यादा मरीज वायरल फीवर, सिरदर्द, पेटदर्द, उल्टी-दस्त मौसमी खांसी, हल्का बुखार, नाक, कान गले व जुकाम के मरीज आ रहे हैं। सर्दी, जुकाम, खांसी व बुखार होने पर कोविड की जांच भी कराई जा रही है लेकिन अच्छी बात यह है कि लोगों की कोरोना रिपोर्ट निगेटिव ही आ रही है। ओपीडी पर्ची बनवाने के लिए लोगों को लंबी कतार में खड़ा होना पड़ रहा है।






## स्वास्थ्य विभाग ने दी सलाह, सावधानियां बरतें और दूषित खाना व पानी पीने से बचें

### दूषित पानी से बढ़ रही बीमारियां

जिला चिकित्सालय के पूर्व सिविल सर्जन डॉ. एस के शर्मा ने बताया कि बारिश में दूषित पानी पीना बीमारियों की मुख्य वजह बन रही है। पिछले एक सप्ताह से यही हालत बनते दिख रहे हैं। लोग सावधानियां बरतने से कतरा रहे हैं, जिसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने सलाह दी है कि खुले खाद्य पदार्थों का सेवन करने से बचें। गर्म पानी फायदेमंद रहेगा।

### कूलर की जाली साफकरने की सलाह

जिला मलेरिया अधिकारी ने कहा कि गर्मी के मौसम में जिन लोगों ने कूलर की जाली में खस लगा रखी है। अब मौसम ठंडा हो गया है लेकिन कूलर में पानी भरा रहता है। यह एक तो मच्छर के बढ़ने में सहायक होता है। दूसरा जो जाली लगी रहती है, उसमें फंगस हो जाते हैं, जिससे कीटाणु बढ़ने का खतरा बना रहता है, इसलिए जाली वाली जगह को साफ करना चाहिए।

### डायरिया का बढ़ रहा खतरा

अस्पताल में शहरी क्षेत्रों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के लोग भी बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। इस मौसम में डायरिया का खतरा बढ़ने की संभावना बन रही है। पेयजल बारिश के पानी से दूषित होते जा रहा है। खासतौर से ग्रामीण क्षेत्र में इसकी वजह से डायरिया के मरीज ज्यादा मिल रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है कि बारिश के दौरान ही मौसमी बीमारियों के वायरस सक्रिय हो गए हैं। जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। अन्य अस्पतालों के डॉक्टर भी मौसमी बीमारी से बचने की सलाह दे रहे हैं।

### सावधानी बरतने की हिदायत

निजी चिकित्सक डॉ. राजेन्द्र राजपूत ने बताया कि घर व आसपास पानी को जमा नहीं होने दें। यही बीमारी की मुख्य वजह बन जाता है। बच्चों को गर्म पानी देने के साथ गंदगी में नहीं जाने दें। सामान्य तौर पर मरीज पर मौसमी बीमारी का असर पांच से सात दिन तक रहता है। इस दौरान आवश्यक दवा लेनी जरूरी है। पीलिया, डायरिया, टाइफाइड को गंभीरता से नहीं लेने के गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

### इनका कहना है

मौसमी बीमारियां पैर पसार रही हैं। बरसात के मौसम में लोगों को ज्यादा से ज्यादा सावधानियां बरतना चाहिए। कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर की चेतावनी के बीच वायरल फीवर से पीड़ित मरीज ज्यादा है। लगातार बारिश के चलते मौसमी बीमारियां बढ़ जाती हैं। अस्पताल में सभी तरह की जांच हो रही है। मौसम का असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। सभी डॉक्टर्स को उचित इलाज करने के लिए कहा गया है। अस्पताल में कोई दिक्कत नहीं है। मरीजों के लिए व्यवस्थाएं पर्याप्त हैं।

- **डॉ. यशवंत वर्मा,** सिविल सर्जन



# बाल कल्याण समिति ने किया चौपाटी का भ्रमण

**कटनी।** बाल कल्याण समिति कटनी के द्वारा कल 5 अगस्त की शाम चौपाटी का भृमण किया। यहां पर छोटे-छोटे बच्चों से कई तरह के कार्य कराये जाते हैं। जैसे गुब्बारा बेचना, झूला झूलना, होटल या ठेला मे काम करना आदि उक्त शिकायतें प्राप्त होने पर बाल कल्याण समिति कटनी से श्रीमती सुषमा शिवहरे, अधिवक्ता योगेश सिंह बघेल एवं श्रीमती प्रीतिमा गौतम तथा चाइल्ड लाइन के रामेश्वर व पुष्पेन्द्र ने लोगों को बच्चों से काम न लेने की समझाईश दी।

# खिरहनी फाटक पुलिस चौकी का नवनिर्मित भवन लोकार्पित

**कटनी।** कोतवाली थाना क्षेत्र की खिरहनी फाटक पुलिस चौकी के नवनिर्मित भवन का आज लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर विधायक संदीप जायसवाल, निवृतमान महापौर शशांक श्रीवास्तव, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी, एसडीएम बलवीर रमन, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष मृदुल द्विवेदी, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष पीताबंर टोपनानी, युवा भाजपा नेता श्याम निषाद, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा, नगर पुलिस अधीक्षक शशिकांत शुक्ला, कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह, माधवनगर थाना प्रभारी विजय कुमार विश्वकर्मा, कुठला थाना प्रभारी विपिन सिंह, एनकेजे थाना प्रभारी नीरज दुबे, रंगनाथ नगर थाना प्रभारी नितिन कमल, यातायात प्रभारी विनोद दुबे, खिरहनी फाटक पुलिस चौकी प्रभारी प्रीती पांडे, झिंझरी पुलिस चौकी प्रभारी रश्मि सोनकर सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता व पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।



# सेठ नारायण दास बत्रा का दु :खद निधन



**कैमोर।** कटनी के प्रतिष्ठित व्यवसायी स्व सेठ लोकुमल बत्रा के अनुजएएधर्मलोक हॉस्पिटल के संचालक मोहन दास बत्रा के चाचा कैमोर निवासी व्यवसायी सेठ नारायण दास बत्रा का कल शाम दु:खद निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही कैमोर नगर के व्यवसायिक प्रतिष्ठान बंद कर दिए गए। भारी संख्या में लोग बत्रा परिवार के दु:ख में सहभागी बनने उनके निवास पहुंचे और शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। आज शुक्रवार को अंतिम यात्रा दोपहर 12 बजे बत्रा परिवार के अमरैय्यापार पार स्थित निवास से निकली जिसमें सभी वर्गों के लोग शामिल रहे। मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार के बाद एक शोक सभा कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।

### विधायक ने जताया शोक

विजयराघवगढ़ छेत्र के विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने सेठ नारायण दास बत्रा के निधन पर गहन दुख व्यक्त करते हुए कहा है कि नारायण दादा हमारे पूज्य पिताजी के समय से हमारे पारिवारिक मित्र रहे। उनका निधन हमारे परिवार की निजी छति है। विधायक श्री पाठक ने स्व नारायण दादा को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका परिवार शोकाकुल बत्रा परिवार के इस दुख में उनके साथ है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे।

# 472 दुकानों में 2 लाख से ज्यादा उपभोक्ताओं को मिलेगा राशन






## पात्र हितग्राहियों के घरों पर जाकर पीले चावल देकर किया आमंत्रित

**कटनी।** प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत जिले में कल 7 अगस्त को निःशुल्क राशन वितरण का कार्यक्रम समस्त शासकीय उचित मूल्य की राशन दुकानों में किया जायेगा। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के संबोधन का प्रसारण भी वर्चुअल सहित अन्य माध्यमों से किया जायेगा। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने आयोजन को लेकर आवश्यक निर्देश दिये हैं। जिसके तहत शासकीय उचित मूल्य की दुकानों पर पहुंचकर एसडीएम, तहसीलदार एवं आयोजन के लिये नियुक्त किये गये नोडल अधिकारियों ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही आयोजन की तैयारियों को पूरा करने के निर्देश दिये। योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों के खाद्यान्न वितरण के लिये तैयारियां की जा रही हैं। विभिन्न ग्रामों में मैदानी अमले के द्वारा हितग्राहियों के घर पहुंचकर उन्हें पीले चावल देकर आमंत्रित किया गया। उन्हें 7 अगस्त को अपनी सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत उचित मूल्य की दुकान पहुंचने तथा निःशुल्क राशन प्राप्त करने का आमंत्रण भी दिया।

### सेक्टर अधिकारी किये गये नियुक्त, सौंपे गये दायित्व

अपर कलेक्टर रोमोनुस टोप्पो ने उपरोक्त कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिये सेक्टर अधिकारियों की ड्यूटी लगाते हुये संबंधित दुकानों के लिये दायित्व सौंपे हैं। इस संबंध में जारी आदेशानुसार नियुक्त सेक्टर अधिकारियों को उन्हें आवंटित की गई दुकानों में भ्रमण करने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करने एवं 7 अगस्त को थैले में प्रत्येक हितग्राही को ऑनलाईन खाद्यान्न वितरण कराया जाना सुनिश्चित करने के लिये भी निर्देशित किया गया है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न उत्सव कार्यक्रम का आयोजन जिले की 472 उचित मूल्य दुकानों में किया जायेगा। जिसमें 2 लाख 5 हजार 462 उपभोक्ताओं को 7 अगस्त को दुकान स्तर पर मुख्य अतिथियों के आतिथ्य में राशन का वितरण किया जायेगा।

## नगर निगम ने वाहनों के माध्यम से किया कार्यक्रम का प्रचार प्रसार

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना अन्तर्गत 7 अगस्त को अन्न उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जवेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल कार्यक्रम को संबोधित करेगें। नगरीय क्षेत्र की सभी 63 शासकीय उचित मूल्य की दुकानों पर पात्र हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरित किया जावेगा। ऑडिटोरियम परिसर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है। 63 दुकानों में नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए नोडल अधिकारियों को आबंटित दुकानों का भ्रमण कर साफसफाईए रंग रोगन एवं कार्यक्रम के सीधे प्रसारण एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिर्श्चित करानें के निर्देश प्रदान करते हुए कार्य में किसी भी तरह की समस्या आनें पर निगम के प्रभारी खाद्य अधिकारी से संपर्क करनें के निर्देश दिये गए है। शासन की इस जनहितैषी योजना के प्रचार प्रसार एवं हितग्राहियों को नगर की शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की जानकारी से अवगत करानें के उद्धेश्य से नगर निगम के वाहनों में लाउडस्पीकर के माध्यम से नगर के विभिन्न वार्डो में मुनादी का कार्य कराया जा रहा है।

### शहर की 63 शासकीय उचित मूल्य दुकानों में तैयारियां

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना अन्तर्गत 7 अगस्त को अन्न उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जवेगा। नगरीय क्षेत्र की सभी 63 शासकीय उचित मूल्य की दुकानों पर पात्र हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरित किया जावेगा। ऑडिटोरियम परिसर में आयोजित होनें वाले मुख्य कार्यक्रम का आयोजन अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है। खाद्य शाखा प्रभारी रविशंकर पाण्डेय ने बताया कि निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में नगर निगम कटनी द्वारा समस्त 63 दुकानों में नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए नोडल अधिकारियों को आबंटित दुकानों का भ्रमण कर साफसफाई, रंग रोगन एवं कार्यक्रम के सीधे प्रसारण एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चिति करानें के निर्देश प्रदान करते हुए कार्य में किसी भी तरह की समस्या आनें पर निगम के प्रभारी खाद्य अधिकारी से संपर्क करनें के निर्देश दिये गए है।

**आवश्यकता है**

कम्प्यूटर आपरेटर लड़का-लड़की शिक्षित एवं डिप्लोमा सहित अनुभवी आपरेटर की आवश्कता है। मिलने का समय सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक।

**पता- श्रीराम आभूषण एवं श्रीराम ज्वेलर्स खेड़िया मार्केट सराफा बाजार, कटनी**
मो. 9755050056
07622-404021

**REQUIREMENT**

We require an TALLY /Busy accountant ability to work on Computer & Internet, salary from:- 7500/- To 10000/- **Contact no. 8889442227**
**Mail id- shaktiindustries @ yahoo.co.in**

**किराये से देना है**

सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

**किराये से देना है**

गर्ग चौराहा, सेमसंग शो-रूम के बाजू से कटनी में 1000 फुट का सर्वसुविधायुक्त हॉल किराये से देना है। लेट-बॉथ अटैच, पार्किंग की सुविधा उपलब्ध। फर्स्ट फ्लोर, सेकेंड फ्लोर, थर्ड फ्लोर एवं ग्राउंड फ्लोर, चारों हॉल किराये से देने के लिए शासकीय एवं निजी बैंकों, कंपनियों एवं शासकीय संस्थानों को प्राथमिकता।
संपर्क करें : मो. 7697933563, 9425158626
पता : गर्ग चौराहा, सेमसंग शो-रूम के बाजू से, कटनी।

**महावीर पैरामेडिकल कॉलेज, कटनी** College Code 740(8) F/A200153
मान्यता प्राप्त (म.प्र. पैरामेडिकल काउंसिल भोपाल एवं मेडिकल वि.वि. जबलपुर)
B.M.L.T. (बैचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीशियन)
D.M.L.T. (डिप्लोमा ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीशियन)
D.Pharma (Ayurveda डिप्लोमा )
छात्रवृत्ति के आधार पर एससी/एसटी/ओबीसी छात्रों को नि :शुल्क प्रवेश
संपर्क करें :- गायत्री नगर, कटनी मो. 7987327613, 9131569944, 9131800480

**नालंदा विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय, कटनी**
एनसीईटी नई दिल्ली एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
B.Ed. D.Ed.
संपर्क करें-एन.एच. 7 कलेक्ट्रेट के पास झिंझरी कटनी
मो.9752540630, 9302465246, 7509046981

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
**डॉ. स्मिता बजाज**
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

PRE. REGISTRATION साईनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग/ श्री हास्पिटल
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

PRE. REGISTRATION
साईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल
नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

# नियमों का पालन कराने वाले ही कर रहे मनमानी

## उपकरण वितरण शिविर में जमकर उड़ी कोविड गाइडलाइन की धज्जियां ,जनपद शिक्षा केंद्र रीठी में आयोजित हुआ शिविर







**रीठी।** एक ओर शासन-प्रशासन द्वारा कोरोना की तीसरी लहर को लेकर सख्त बरती जा जा रही हैए और बिना मास्क लगाये लोगों पर चालानी कार्यवाई कर राजस्व भी बसूला जा रहा है। तो वहीं दूसरी ओर शासन के अधिकारी कर्मचारी दफ्तरों में कोविड गाइडलाइन की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं। जैसे शासन के नियम सिर्फआम लोगों के लिए ही बनाये गये हों। ऐसा ही एक ताजा मामला कटनी जिले की रीठी जनपद मुख्यालय में स्थित जनपद शिक्षा केंद्र का सामने आया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मंगलवार को जनपद शिक्षा केंद्र रीठी में क्षेत्र के शारीरिक विकलांग बच्चों को उपकरण बांटने के लिए शिविर का आयोजन किया गया था। देखा गया कि आयोजित शिविर में न तो जिम्मेदारों ने ही मास्क लगाना उचित समझा और न ही हितग्राही बच्चों ने। उपकरण वितरण शिविर में छात्र छात्राओं को भिन्न भिन्न प्रकार के उपकरण वितरित किए गए जिसमें अपाहिज छात्रों को साइकिल का वितरित किया गया तो वही गूंगे और बहरे छात्र छात्राओं को मशीनों का वितरण किया गया। लेकिन शासन द्वारा जारी की गई कोरोना गार्डलाइन की जिम्मेदारों द्वारा जमकर धज्जियां उड़ाई गई। विगत दिनों कोविड गाइडलाइंस की अवहेलना के नाम पर राहुल हार्डवेयर को 24 घंटे के लिए सील किया गया था लेकिन अधिकारियों के लिए कोई नियम कानून नहीं है।

## 101 व्यक्तियों से वसूली गई 10 हजार 100 रुपये की जुर्माना राशि

**कटनी।** जिले में कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिये कोविड उपयुक्त व्यवहार का पालन कराने की दृष्टि से राजस्व, पुलिस और निकायों द्वारा सतत् रुप से कार्यवाही संचालित की जा रही है। जिसके तहत कोविड अनुकूल व्यवहार का पालन नहीं करने पर चालानी कार्यवाही की जा रही है। वहीं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों द्वारा कोविड-19 के निर्धारित प्रोटोकॉल्स का पालन नहीं करने पर भी संबंधित प्रतिष्ठान के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रशासनिक अमले द्वारा की जा रही है। इसी क्रम में 3 अगस्त को नगर निगम अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में कार्यवाही गई है। इस कार्यवाही में 101 व्यक्तियों पर चालानी कार्यवाही करते हुये कुल 10 हजार 100 रुपये का जुर्माना वसूला गया है। जिसके अनुसार 3 अगस्त को राजस्व विभाग द्वारा बिना मास्क घूम रहे 27 लोगों पर जुर्माना लगाकर 2700 रुपये की राशि वसूल की गई है। वहीं पुलिस विभाग द्वारा 18 लोगों पर चालानी कार्यवाही कर 1800 रुपये, नगर निगम अतिक्रमण विभाग द्वारा 41 लोगों पर चालानी कार्यवाही कर 4100 रुपये और नगर निगम स्वास्थ्य विभाग द्वारा 15 लोगों पर चालानी कार्यवाही करते हुये 1500 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया है।

## प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना कार्यक्रम की तैयारियां तेज

### कलेक्टर ने गूगल मीट के माध्यम से किया तैयारियों का रिव्यू

**कटनी।** प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 7 अगस्त को समूचे प्रदेश के साथ ही कटनी जिले में भी निःशुल्क राशन वितरण कार्यक्रम का आयोजन होगा। कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने वर्चुअल मीट के माध्यम से की। इस दौरान उन्होने सभी संबंधित जिला अधिकारियों, एसडीएम, सीईओ जनपदों को प्राथमिकता पर निर्धारित समय सीमा में सभी तैयारियां पूरी करने के स्पष्ट निर्देश दिये। उन्होने कहा कि 6 अगस्त को सभी एसडीएम, सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं, इसे वेरीफाई करते हुये अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। जिले में जिलास्तरीय कार्यक्रम ग्राम तेवरी में आयोजित होगा। जिलास्तरीय कार्यक्रम की सम्पूर्ण तैयारियों का रिव्यू भी वर्चुअल मीट में कलेक्टर ने किया। उन्होंने कहा कि सभी तैयारियां पूरी कर ली जायें। निःशुल्क राशन वितरण कार्यक्रम में जिला अधिकारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश भी श्री मिश्रा ने दिये। उन्होने कहा कि 7 अगस्त के लिये जिलास्तर पर कन्ट्रोल रुम स्थापित किया जाये। एसडीएम भी अपने-अपने स्तर पर कंट्रोल रूम बनायें। किसी भी तरह का कम्युनिकेशन गैप ना हो। जिले की समस्त 472 सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत संचालित राशन दुकानों के लिये चयनित समस्त अतिथियों को ससम्मान आमंत्रित किया जाये। नोडल अधिकारी, समस्त व्यवस्थाओं का जायजा ले लें। यह निर्देश भी वर्चुअल मीट में कलेक्टर ने दिये। अनुविभागस्तर पर कार्यक्रम को लेकर की गई तैयारियों की जानकारी संबंधित एसडीएम से कलेक्टर ने ली। जन अभियान परिषद् की टीम को भी इस कार्यक्रम से जोड़ने के निर्देश श्री मिश्रा ने दिये। गूगल मीट में सीईओ जिला पंचायत जगदीश चन्द्र गोमे सहित समस्त अनुविभागों के एसडीएम शामिल हुये।




## पावस काव्य निशा का आयोजन

## छेड़ ना मुझको बीच डगर में, देख रहे हैं ग्वाल संवरिया

**कटनी।** पावस के अवसर पर शिवानंद पटेल के निवास पर पावस काव्य निशा का आयोजन शेख धीरज की अध्यक्षता एवं अंचल के हास्य कवि जगदीश प्यासी के मुख्य आतिथ्य तथा वरिष्ठ व्यंग्यकार शंभू सोनी के विशेष आतिथ्य में किया गया। संचालन भूपेन्द्र त्रिपाठी एवं संयोजन अनिल मिश्र द्वारा किया गया। गोष्ठी का आगाज़ करते हुए जगदीश प्यासी ने कहा- कहूं कहूं आजो देखा है छुआछूत के घनचक्कर, ऊंच-नीच मा टक्कर। शेख धीरज ने कहा- झगड़ालू बीवी मिली रखे बहाना खोज ए लड़ती है वो हवा से खड़ा बखेड़ा रोज। शंभू सोनी ने कहा - दर्द छुपा हंसते रहे दिखे ना हम बीमार ए चूके तो हो जाएगा परेशान परिवार। हास्य कवि शरद जायसवाल ने कहा- मायके जाने के पहले वो दरारों में लगाती है पुट्टी, बाई की छुट्टी पड़ोसन से खुट्टी। अनिल मिश्र ने कहा - शहर से ना इतना कभी दिल लगाना, नहीं गांव को फिर पड़े छटपटाना। रामलखन सिंह चौहान ने कहा- हिरण आए झुंडन छलांग लगाते ए उछलें खरगोश कलाबाजी दिखाते। रवि चतुर्वेदी ने कहा- जुंआ खेलती मेहनत लगा पसीना दांव, तब जा कर मंजिल मिले, छुए सफलता पांव। भूपेन्द्र त्रिपाठी ने कहा योजना भई योजना बेहतरी की योजना अपने देश में रोज ही बनती ना जाने कितनी योजना। सत्येन्द्र गौतम ने कहा, छेड़ ना मुझको बीच डगर में, देख रहे हैं ग्वाल संवरिया। मीरा पटेल ने कहा - होश आता है सभी को उम्र ढल जाने के बाद वक्त की कीमत समझता वक्त के जाने के बाद। आभार शिवानंद पटेल व्यक्त किया।



## राशन वितरण कार्यक्रम के लिए नोडल अधिकारियों को मिला प्रशिक्षण

### कार्यक्रम की गतिविधियों की दी गई जानकारी, सफल आयोजन को लेकर एसडीएम ने दिये गये निर्देश



**कटनी।** प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अनन योजना के तहत 7 अगस्त को जिले में निःशुल्क राशन वितरण कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसके लिये जिले की 472 सार्वजनिक वितरण प्रणाली की शासकीय उचित मूल्य दुकानों में पात्र हितग्राहियों को खाद्यान्न का वितरण किया जायेगा।

सभी 472 पीडीएस दुकानों के लिये एक-एक नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये हैं। बुधवार को ढीमरखेड़ा और विजयराघवगढ़ में ब्लॉकस्तरीय बैठक आयोजित हुई। जिसमें एसडीएम द्वारा कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर समीक्षा की गई। इसके साथ ही ढीमरखेड़ा और विजयराघवगढ़ में 7 अगस्त को आयोजित कार्यक्रम के लिये नियुक्त किये गये नोडल अधिकारियों को प्रशिक्षण भी दिया गया। जिसमें खाद्य विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम की रुपरेखा, कार्यक्रम की कार्ययोजना और की जाने वाली गतिविधियों के विषय में नोडल अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान मास्टर ट्रेनर्स द्वारा सभी नोडल अधिकारियों को निर्धारित समय अवधि में सम्पूर्ण क्रियाकलाप पूरे करने के निर्देश दिये गये।

विजयराघवगढ़ में एसडीएम प्रिया चन्द्रावत और ढीमरखेड़ा में प्रभारी एसडीएम संघमित्रा गौतम द्वारा भी नोडल अधिकारियों को संबोधित किया गया। इस दौरान दोनों ही एसडीएम ने नोडल अधिकारियों को कार्यक्रम के सफल आयोजन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये।

## ऑनलाइन सेवाओं में जागरूकता बढ़ाने सौंपे दायित्व

**कटनी।** संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग म.प्र. भोपाल द्वारा संबंधित कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए गए है। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा शैलेष जायसवाल कार्यपालन यंत्री को प्रभारी अधिकारी एवं उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव एवं प्र.सहा.ई-गर्वनेंस संदीप पाठक को उक्त कार्यवाही हेतु प्रभारी अधिकारी के निर्देशन में कार्यवाही करनें तथा निर्देशित बिन्दुओं के तहत प्रस्तावित कार्यवाही संपादित करनें हेतु निगम की पृथक-पृथक शाखओं के अधिकारियों कर्मचारियों को दायित्व सौपे है।

निगम की विभाग स्तर पर लागू ऑनलाइन सेवाओं के संबधं में और सुझाव प्राप्त करने हेतु कार्यवाही करने तथा उपरोक्त सेवाओं से संम्बधित विभिन्न हितधारकों के साथ ऑनलाइन सेवाओं के संबंध में जागरूकता बढाने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया जाना।

विभाग द्वारा प्रदाय की जाने वाली सेवाओं के संबंध में जानकारी, सेवा की प्रक्रिया, सेवा प्रदाय करनें की समयसीमा, निर्धारित शुल्क, आवश्यक दस्तावेज, इत्यादि की जानकारी नागरिकों को प्रदान करनें हेतु संबंधित कार्यालयों के बाहर फ्लेक्स, बैनर एवं स्टेण्ड लगानें। नागरिकों को बिना किसी असुविधा के समयसीमा में सेवा का लाभ मिल सके इस हेतु सेवा से संबंधित एम.आई.एस और डेशबोड के माध्यम से नागरिकों को प्रदाय की जाने सेवाओं की समय सीमा की निगरानी करने के निर्देश प्रदान किये गए है।

निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा निर्देशित बिन्दुओं पर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निगम के स्वच्छ भारत मिशन के कार्य हेतु नियुक्त एन.जी.ओ. के दो से तीन कर्मचारियों द्वारा प्रतिदिन अलग-अलग स्थलों पर शिविर लगाकर कार्यवाही करने, निगम के संपत्तिकर एवं जलकर काउंटर तथा जोन कार्यालयों में जोन प्राभारियो के निर्देशन में कार्यालय में आने वाले नागरिकों को सेवाओं की जानकारी प्रदान करनें एवं सुझाव लिये जानें, निगम कार्यालय के वाहनों में ऑडियो रिकॉर्डिंग तथा सोशल मीडिया एवं समाचार पत्रों के माध्यम से प्रचार प्रसार की कार्यवाही करने, निगम तथा जोन कार्यालयों के के अलावा नगर के मुख्य स्थलों होर्डिंग फ्लेक्स, बैनर लगाये जानें तथा विभाग प्रमुखों की आई.डी पर उनके विभाग से संबंधित सेवाओं का डेशबोर्ड पर आम नागरिकों से प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करने की प्रस्तावित कार्यवाही हेतु सभी विभाग प्रमुखों सहित निगम के चारों जोन प्रभारियों एवं अन्य शाखाओं के अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देशित किया है।

## स्वच्छता संदेश को गांवों में पहुंचा रहे वालिंटियर्स

### नेहरु युवा केन्द्र के कार्यकर्ताओं की पहल

**कटनी।** देश के वर्तमान प्रधानमंत्री के संदेश क़ो जन जन तक पहुंचाकर लोगों में स्वच्छता के प्रति सकारात्मक सोच पैदा कर उन्हें जगाने और सक्रिय करने की मूलमंशा से इन दिनों नेहरु युवा केन्द्र के युवा सफाई मित्र विद्यालयों में जा कर विद्यालयों की सफाई करते हुऐ स्वच्छ भारत के मिशन क़ो जन जन तक पहुंचा रहे हैं। इसी कड़ी में गत दिवस इन सफाई मित्रों द्वारा शासकीय माध्यमिक शाला एनकेजे विद्यालय पहुंचकर प्रभारी प्रधान अध्यापक अजय मिश्रा और कर्मचारी प्रवक्ता मार्तण्ड सिंह राजपूत के साथ मिलकर संपूर्ण शाला परिसर के साफ सफाई में महत्वपूर्ण योगदान दिये। सफाई के महत्व क़ो जन जागरण से जोड़ते हुए नेहरु युवा टीम के सदस्यों ने सफाई से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुऐ एशाला परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर साफ-सफाई की शपथ लिये। शपथ का वाचन मार्तण्ड सिंह राजपूत तथा आभार प्रदर्शन शाला प्रबंध कार्यकारणी के अध्यक्ष हरिश्चन्द्र रैदास द्वारा किया गया। इस अवसर पर जितेन्द्र दुबे, ज्ञानचंद्र कोष्टी, श्रीमती निधी पटेरिया और प्रेमशंकर भारती की उपस्थित उल्लेखनीय रही।



# मुख्य मार्गों व डिवाइडर्स की सफाई







**कटनी।** नगर की सफाई सुचारू व्यवस्था एवं नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण सफाई की सुविधा मुहैया कराने हेतु निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में रोजाना नगर के मुख्य एवं अन्य मार्गो सहित डिवाईडर, नाले नालियों, कचरे के प्वाइंटों की सफाई तथा डोर टू डोर कचरे का संग्रहरण किया जाकर नगर को साफ एवं स्वच्छ रखने के प्रयास किये जा रहे है। प्रभारी स्वच्छता अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर की प्रातःकालीन सफाई व्यवस्था के तहत आज निगम के स्वच्छता दूतो द्वारा मुख्य एवं अन्य मार्गो की सफाई व्यवस्था के तहत इंदिरा नगर, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड कुठला बस्ती इंडिया होटल के पीछे, बस स्टेण्ड प्रांगण, मिशन चौक, रफी अहमद किदवई वार्ड मुख्य मार्ग की सफाई, रामजानकी हनुमान वार्ड स्थित रोशन नगर में मुख्य मार्गो की सफाई एवं चारा कटाई का कार्य, तहसील कार्यालय परिसर की सफाई, फारेस्टर प्ले ग्राउण्ड के अंदर एवं पीछे सेंटपाल स्कूल पहुंच मार्ग , पुलिस लाईन परेड ग्राउण्ड, भट्ठा मोहल्ला मुख्य मार्ग, बाबा नारायण शाह वार्ड स्थित गुरूद्वारा रोड, आचार्य कृपलानी वार्ड स्थित पी.डब्ल्यू डी कॉलोनी, चावला चौक, विश्राम बाबा वार्ड स्थित पटैल मार्केट एवं वार्ड के अन्य मार्गो सहित नगर के अन्य वार्डो की मुख्य एवं अन्य गलियों में झाड़ू लगाकर सफाई का कार्य कराया गया। नगर के मुख्य मार्गो के डिवाईडरों की सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए कुठला स्थित सब्जी मंडी पुल मुख्य मार्ग, बरगवां ओव्हर ब्रिज के नीचे, द्वारका सिटी गेट के सामने मुख्य मार्ग, दुर्गा चौक के पहले डिवाइडर के दौनों ओर, सिटी कोतवाली से मिशन चौक तक के डिवाइडर की सफाई का कार्य कराया गया। नगर के मुख्य मार्गो एवं अन्य मार्गो की नालियों से पानी निकासी की सुगम व्यवस्था हेतु पुरैनी यादव मोहल्ला की विभिन्न स्थलों की नालियों, जगमोहन दास वार्ड स्थित केवट बस्ती की नालियों, दीनदयाल उपाध्याय वार्ड स्थित विकास नागवंशी के घर के पास की नालियों, फारेस्टर वार्ड जयहिंद चौक से भरत चौक एवं रंगनाथ मंदिर रोड की नालियों एवं सडक की सफाई, माधवनगर खैबर लाईन तालाब के पास नाला सफाई कार्य, पुलिस लाईन परेड ग्राउण्ड की नालियों सहित नगर के अन्य स्थलों की नालियों की सफाई कराई जाकर अपशिष्ट को बाहर निकालते हुए सुगम पानी निकासी के प्रयास किये गए।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ

यश भारत

कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | – | 150/– |
| 3 दिन | – | 250/– |
| 7 दिन | – | 500/– |
| 15 दिन | – | 1200/– |
| 30 दिन | – | 1800/– |

साईज– 5x1

आवश्यकता, खरीदना–बेचना
अपने व्यापार को बढ़ावा दें

बुकिंग हेतु संपर्क करें

यश भारत

कचहरी चौक, कटनी

फोन:– 07622–230033
Email :- katni@yashbharat.com

## रेलवे बोर्ड ने जारी किया टाइमटेबल

**8 कोच वाली मेमू ट्रेनों में 650 यात्री सीट पर बैठकर कर सकेंगे यात्रा**

# इटारसी-जबलपुर-कटनी-मानिकपुर के बीच 8 अगस्त से चलेंगी मेमू ट्रेनें

कटनी। कोविड की दूसरी लहर के चलते ट्रैक से दूर हो गई यात्रियों की सस्ती ट्रेन सेवा पैसेंजर के स्थान पर अब मेमू (मेनलाइन इलेक्ट्रिकल मल्टीपल यूनिट) चलेगी। पश्चिम मध्य रेलवे (पमरे) के जबलपुर रेल मंडल को तीन रैक मेमू के मिले हैं। पैसेंजर ट्रेनों की टाइमिंग पर ये सभी मेमू ट्रेनें 8 अगस्त रविवार से शुरू होंगी। इटारसी से जबलपुर, कटनी, सतना होते हुए मानिकपुर के बीच इसका संचालन किया जाएगा। वहीं बीना से कटनी के बीच संचालित मेमू की टाइमिंग में भी बदलाव किया गया है। मेमू के संचालन के साथ ही स्टेशन पर जनरल टिकटों की बिक्री भी शुरू की जा रही है। रेलवे के मुताबिक बीना-कटनी-बीना, सतना-मानिकपुर-सतना दो फेरा, इटारसी-कटनी-इटारसी, कटनी-सतना-कटनी के बीच मेमू ट्रेन का संचालन पैसेंजर के स्थान पर शुरू किया जा रहा है। रैक का शेड बीना में बनाया गया है। इसके चलते मेमू का इस तरह से संचालन तय किया गया कि मेमू का रैक बीना तक जा सके। मेमू पूरी तरह से अनारक्षित होगी और सभी स्टेशनों पर इसके स्टॉपेज दिए गए हैं। रेलवे ने 8 कोच (6 ट्रेलर कोच और 2 मोटर कोच) के साथ मेमू का संचालन शुरू करने का निर्णय लिया है। ड्राइविंग कोच में 55 सीट तो ट्रेलर वाले में 84 सीट होती है। 8 कोच वाले मेमू में 650 यात्री सीट पर बैठकर यात्रा कर सकेंगे। हालांकि इसमें खड़े होकर भी यात्रा कर सकते हैं।

### अत्याधुनिक फीचर से लैस

रेलवे के मुताबिक मेमू के सभी कोच में अत्याधुनिक हैं। इसमें आईजीबीटी आधारित प्रदूषण प्रणाली, ऑडियो और डिजिटल डिस्प्ले, जीपीएस आधारित यात्री सूचना प्रणाली अंदर व बाहर लगा गई है। इससे यात्रियों को पता चलता रहेगा कि अगला स्टेशन कौन सा आने वाला है। सभी कोच सीसीटीवी कैमरे से लैस होंगे। ड्राइवर कैब एसी दिया गया है। वहीं हर कोच में बायो टॉयलेट दिया गया है। यात्रियों को 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली मेमू में सफर का दोगुना आनंद आएगा।

### सुरक्षा फीचर्स से भी लैस

मेमू थ्री फेस टेक्नोलॉजी बेस पर होगी। इसमें जीपीएस, सीसीटीवी कैमरे और अलार्म चेन के पास पुश बटन होगा। ड्राइविंग कैब एयरकंडीशन वाला होगा। कोच की हर गतिविधि ड्राइविंग कैब में बैठकर देखा जा सकेगा। साफ-सफाई की उत्तम व्यवस्था रहेगी। इसके विंडो बड़े आकार के होंगे। यह जल्द रफ्तार पकड़ने के साथ जल्दी रुक भी सकती है।

### बीना-कटनी-बीना

कटनी-बीना-कटनी के बीच मेमू ट्रेन का नंबर 06621/06622 होगा। यह ट्रेन बीना से सुबह 5 बजे रवाना होते हुए सुबह 11 बजकर 50 मिनट पर कटनी पहुंचेगी। वहीं कटनी से दोपहर 12 बजे रवाना होकर शाम 6 बजकर 30 मिनट पर बीना पहुंचेगी। कटनी से बीना के बीच में यह ट्रेन 30 स्टेशनों पर ठहराव लेगी।

### सतना-कटनी-सतना

सतना-कटनी-सतना के बीच चलने वाली मेमू ट्रेन का नंबर 06625/06626 होगा। यह ट्रेन सतना से दोपहर 12 बजकर 05 मिनट पर रवाना होकर दोपहर 1 बजकर 55 मिनट पर कटनी पहुंचेगी। कटनी से दोपहर 2 बजे रवाना होकर दोपहर 3 बजकर 50 मिनट पर सतना पहुंचेगी।

### सतना-मानिकपुर-सतना दो फेरा लगाएगी

सतना-मानिकपुर-सतना के बीच मेमू ट्रेन प्रतिदिन दो फेरा लगाएगी। इसके नंबर क्रमशः 06635/06636/06637/06638 होगा। जिसमें पहले फेरे की मेमू ट्रेन सतना से सुबह 5 बजकर 25 मिनट पर रवाना होकर सुबह 7 बजकर 25 मिनट पर मानिकपुर पहुंचेगी। वहां से सुबह 8 बजकर 15 मिनट पर रवाना होकर सुबह 10 बजकर 45 मिनट पर सतना पहुंचेगी। वहीं दूसरी बार शाम 4 बजे सतना से रवाना होकर रात 6 बजकर 50 मिनट पर मानिकपुर पहुंचेगी। वहां से रात 7 बजकर 25 मिनट पर रवाना होकर रात 9 बजकर 25 मिनट पर सतना पहुंचेगी।






### इटारसी-कटनी-इटारसी

इटारसी-कटनी-इटारसी के बीच चलने वाली मेमू ट्रेन का नंबर 06619/06620 होगा। यह ट्रेन इटारसी से सुबह 4 बजकर 30 मिनट पर रवाना होकर सुबह 9 बजकर 15 मिनट पर जबलपुर और सुबह 11 बजकर 30 मिनट पर कटनी पहुंचेगी। वहीं कटनी से दोपहर 2 बजे रवाना होकर दोपहर 3 बजकर 55 मिनट पर जबलपुर और रात 9 बजकर 50 मिनट पर इटारसी पहुंचेगी।

### जबलपुर-कटनी-सिंगरौली के बीच भी चलेगी

वहीं रेल सूत्रों की माने तो इटारसी-जबलपुर-कटनी-सतना-मानिकपुर के बीच मेमू ट्रेनों का परिचालन करने के साथ ही रेलवे के द्वारा जबलपुर-कटनी साउथ-सिंगरौली व रीवा-मानिकपुर के बीच भी मेमू ट्रेन का परिचालन करेगा। गौरतलब है कि जबलपुर-कटनी-सिंगरौली मार्ग पर पहले इंटरसिटी चलती थी लेकिन ये बंद है। मेमू चलाने से इस रूट पर भी फायदा मिलेगा। वहीं रीवा-मानिकपुर मार्ग पर सतना होकर भी मेमू चलाई जा सकती है। इस रूट पर भी बड़ी संख्या में पैसेंजर निकलते हैं।

### कटनी-इटारसी मेमू को सासंद दिखाएंगे हरीझंडी

कटनी से इटारसी के बीच 8 अगस्त से शुरू होने वाली मेमू ट्रेन को वर्चुअल रूप से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष तथा कटनी खजुराहो लोकसभा



सांसद विष्णुदत्त शर्मा हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। सांसद वीडी शर्मा ने इस ट्रेन के प्रारम्भ करने हेतु सुझाव दिया था। सांसद श्री शर्मा ने जबलपुर जोन कार्यालय को इस ट्रेन के परिचालन हेतु आवश्यकता जताई थी। श्री शर्मा ने ट्रेन से प्रतिदिन आने जाने वाले यात्रियों को होने वाली सुविधा की जानकारी दी थी। कटनी से सिहोरा, जबलपुर, नरसिंहपुर, गोटेगांव, गाडरवारा आदि स्टेशनों से यात्रा करने वाले हजारों यात्रियों की सहूलियत के लिए ट्रेन का परिचालन करने का सुझाव दिया था।


## सिटी मॉल बरही रोड में




इंतजार की घड़ियां समाप्त
अब बड़े पर्दे पर देखिए

हॉलीवुड की धमाकेदार फिल्म

रोजाना 3 शो ता. 05 से
दोपहर 1,4 एवं 7 बजे से

आगामी आकर्षण ता. 13 से
THE CONJURING

THE SUICIDE SQUAD
(हिन्दी में)

नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।

## एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग

Ph: 07622-405074,
Mob. 7771001902

Email : mgmnursingkte@gmail.com
Website: mgmnursingcollege.com

जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक
BSc. नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ

विशेषतायें
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक Bsc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में Bsc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण

मान्यता प्राप्त- इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र. मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है।
SC/ST/OBC



कचहरी चौराहा, फारेस्टर प्लेग्राउंड के सामने, जिला-कटनी (म.प्र.)





### दो पैसेंजर गाड़ियों में एमएसटी की सुविधा शुरू

कटनी। जबलपुर रेल मंडल के कटनी रेल जंक्शन होकर चलने वाली दो पैसेंजर गाड़ियों में रेल प्रशासन ने अप डाउन करने वाले यात्रियों के लिए एमएसटी की सुविधा प्रारंभ कर दी है। इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्वरंजन ने



बताया कि इटारसी से चलकर नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर मार्ग से सतना तक जाने वाली पैसेंजर गाड़ी क्रमांक 05671/72 तथा बीना से सागर, दमोह होकर कटनी मुड़वारा तक चलने वाली मेमू ट्रेन क्रमांक 06621/22 में रेल प्रशासन ने अप डाउन करने वाले रेल यात्रियों की सुविधा के लिए अब मंथली सीजन टिकट एमएसटी तथा त्रै मासिक सीजन टिकट क्यूएसटी जारी करने का निर्देश दिया है। मंडल वाणिज्य प्रबंधक जबलपुर सुनील श्रीवास्तव ने बताया कि अब नौकरी पेशा तथा व्यवसायिक व्यक्ति जिन्हें कोविड-19 के बाद कम दूरी की यात्रा करने में असुविधा हो रही थी, वे अपनी मंथली टिकट बनाकर रेल यात्रा सुविधानुसार कर सकेंगे। वर्तमान में रेल प्रशासन ने मंडल की इन्हीं दो गाड़ियों में यह सुविधा प्रारंभ की है।







स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)